हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

गुरुवार, 11 जुलाई 2019, बरेली, [illegible]

www.livehindustan.com

Page No:07 Middle

टेबल टेनिस प्रतियोगिता की मेजबानी बरेली को

बरेली | वरिष्ठ संवाददाता

राज्य स्तरीय आठवें श्री राममूर्ति मेमोरियल यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज में 12 से 14 जुलाई तक होगा।

12 जुलाई को सुबह नौ बजे एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि यूपी टेबल टेनिस संघ के सचिव अरुण कुमार बनर्जी होंगे। प्रतियोगिता में यूपी के 22 जिलों के 347 खिलाड़ी शामिल होंगे। प्रतियोगिता में महिला-पुरुष, यूथ ब्वॉयज-यूथ गर्ल्स, जूनियर ब्वॉयज-जूनियर गर्ल्स, सब जूनियर ब्वॉयज-सब जूनियर गर्ल्स, कैडेट ब्वॉयज-कैडेट गर्ल्स वर्ग के मुकाबले होंगे। खिलाड़ियों को 70 हजार रुपये का नकद पुरस्कार भी बांटा जाएगा। सभी खिलाड़ियों को यात्रा भत्ते के साथ रहने-खाने की निशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।